हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026

04 आधे घंटे की आफत ने किसानों की महीनों की...



07 निजी जर्जर भवनों को नोटिस की औपचारिकता, प्रशासनिक ...





## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक बेसिन ने कुंवरपुर विद्यालय का किया निरीक्षण

**सागर।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के निर्देशानुसार संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण शत्रुंजय प्रताप सिंह द्वारा विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने रहली विकासखंड स्थित कुंवरपुर विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं संचालित पाई गईं। संयुक्त संचालक ने परीक्षा व्यवस्था, उपस्थिति पंजी एवं शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण में दो अतिथि शिक्षकों के हस्ताक्षर पंजी में हस्ताक्षर दर्ज नहीं पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से नियमित रूप से विद्यालय का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

### जिले के समस्त ग्रामों में ग्राम सभाओं का आयोजन आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में जिले के समस्त ग्रामों में पेयजल की अद्यतन स्थिति की समीक्षा एवं समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 24.02.2026 को सागर जिले के सभी ग्रामों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रामवार पेयजल की वर्तमान स्थिति, संचालित पेयजल योजनाओं एवं उनसे संबंधित समस्याओं की समीक्षा की जाएगी।

### सागर की 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेंडर

**सागर।** सहायक आयुक्त आबकारी सागर ने बताया कि मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) कमांक 45 दिनांक 20.02.2026 में प्रकाशित आबकारी ठेका व्यवस्था वर्ष 2026-27 के परिप्रेक्ष्य में सागर जिले की 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से किया जाएगा। मदिरा दुकानों की निष्पादन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवेदक का ई-आबकारी पोर्टल पर कॉन्ट्रेक्टर माडयूल रजिस्ट्रेशन अंतर्गत पंजीयन होना अनिवार्य है। मदिरा दुकानों की निष्पादन प्रक्रिया में भाग लेने वाले आवेदक पेन कार्ड, जी.एस.टी. (जहाँ लागू हो), बैंक खाता, पहचान संबंधी दस्तावेज एवं शपथ पत्र ई-आबकारी पोर्टल पर अपलोड कर कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन कर सकते है ।

### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों की संख्या का आंकलन

**सागर।** मध्य प्रदेश वन विभाग के निर्देशों के अनुसार, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक गिद्धों की संख्या का आकलन किया गया। इस आकलन का उद्देश्य टाइगर रिजर्व में गिद्धों की कुल संख्या का मूल्यांकन करना था। वर्ष 2026 के गिद्ध सर्वेक्षण के दौरान कुल सात गिद्ध प्रजातियाँ दर्ज की गईं एवं इस दौरान कुल 2536 गिद्ध संख्या दर्ज की गई। इनमें से सबसे अधिक संख्या भारतीय गिद्ध (लॉन्ग बिल्ड गिद्ध) की थी, उसके बाद व्हाइट रंप्ड गिद्ध की। इजिप्शियन गिद्ध की संख्या मध्यम थी, जबकि लाल सिर वाले गिद्ध की संख्या कम थी। यूरेशियन ग्रिफॉन, हिमालयन ग्रिफॉन और सिनेरियस गिद्ध जैसी प्रवासी प्रजातियाँ भी टाइगर रिजर्व में दर्ज की गईं।

---

अधिक राजस्व देनदारों की सूची सार्वजनिक करें

## शासन की हितकारी योजनाओं से मार्च माह के अंत तक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें: सीईओ विवेक केवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासन की हितकारी योजनाओं से मार्च माह के अंत तक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें एवं राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें साथ में अधिक राजस्व देनदारों की सूची सार्वजनिक करें। उक्त निर्देश जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी ने समय सीमा बैठक में दिए।इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका के सीएमओ सहित समस्त विभाग अधिकारी मौजूद थे।

समय सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी ने निर्देश दिए कि शासन की लोक हितकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को मार्च माह के अंत तक लाभान्वित कर लक्ष्य पूरा करे। एवं राजस्व वसूली हेतु शिविरों का आयोजन करे साथ में अधिक देनदारो की सूची सार्वजनिक करे। उन्होंने निर्देश दिए की जन्म प्रमाण पत्र का वितरण गर्भवती माता के डिस्चार्ज होने के समय ही दिया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी नामांकन, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें। आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित सभी मामलों का निराकरण जवाब दावा समय पर प्रस्तुत किए जाएं ऐसा न करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। सी एम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करे।

### रहस मेला में लोक हितकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करें

गढ़ाकोटा के रहस मेला परिसर में 26 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले 3 दिवसीय रहस मेले के सम्बन्ध में जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी ने मेले की तैयारी एवं व्यवस्थाओं के संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि मेले में शासन द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ मेले में आने वाले नागरिकों को दिया जाए। इस हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जाए। मेले में अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य को लेकर मेले में स्वास्थ्य शिविर से लेकर अधिकांश विभागों को समस्या निवारण एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाना है। विभिन्न हितग्राही मूलक कार्यक्रम को रखा जाएगा।जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में मेला स्थल पर विद्युत व्यवस्था, मेडिकल जांच सुविधा हेतु स्टॉल लगाया जाए इसके अलावा शौचालय, पेयजल, फायर ब्रिगेड, पुलिस व्यवस्था, सीसीटीवी से निगरानी हेतु निर्देश दिए।

---



## खुरई में गेहूं के समर्थन मूल्य की मांग पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सुरेश सोनी को एक ज्ञापन दिया है। इसमें क्षेत्रीय किसानों की विभिन्न मांगें शामिल हैं। भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह ठाकुर ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने का वादा किया था। किसानों ने इस वादे के आधार पर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनाई, लेकिन सरकार अपने वादे से मुकर गई है।

### राजस्थान के बराबर समर्थन मूल्य की मांग

उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है। पड़ोसी राज्य राज स्थान में गेहूं 2735 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। संघ की मांग है कि मध्य प्रदेश में भी गेहूं का समर्थन मूल्य 2735 रुपए किया जाए और इसी दर पर खरीदी हो।

किसानों ने चना, मसूर और सरसों के पंजीयन तत्काल शुरू करने की मांग की है। साथ ही, इन फसलों की खरीदी भी गेहूं के साथ जल्द से जल्द की जाए।

### मंडी में वसूली पर रोक लगाने की अपील

ज्ञापन में कृषि उपज मंडी में हम्माली के नाम पर अवैध वसूली रोकने और किसानों के टीनशेड को जल्द खाली कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सूर्य कुसुम योजना में सब्सिडी में पारदर्शिता लाने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

---

तलैया नाका पर सार्वजनिक शौचालय स्कूल-मंदिर के पास दुकान हटाने की मांग

## शराब दुकान हटाने की मांग तहसीलदार को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

संत रविदास और कबीर वार्ड के निवासियों ने तलैया नाका स्थित शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग को लेकर जुलूस निकाला। यह जुलूस तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार सुरेश सोनी को दिया। वार्डवासियों ने बताया कि कबीर वार्ड और संत रविदास वार्ड के बीच तलैया नाका पर शराब दुकान खुली है। इसी स्थान पर एक सार्वजनिक शौचालय भी है, जिसका उपयोग क्षेत्र की महिलाएं और लड़कियां सुबह-शाम करती हैं।

### शराब दुकान से वार्ड में डर और उपद्रव

निवासियों के अनुसार, शराब दुकान पर लोग शराब पीकर गाली-गलौज और उपद्रव करते हैं, जिससे वहां डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि शराब दुकान के पास ही एक स्कूल और मंदिर भी स्थित है।

### वार्डवासियों ने दुकान हटाने की मांग

माया अहिरवार, जमील खान, गोरेलाल और प्रशांत अहिरवार सहित अन्य वार्डवासियों ने जल्द से जल्द दुकान हटाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छह दिनों के भीतर शराब दुकान नहीं हटाई गई, तो वार्डवासी उग्र आंदोलन करेंगे। इस मांग का समर्थन करने वालों में नन्दपाल, कल्लू अहिरवार, रूपेश अहिरवार, धर्मेंद्र, सुरेश, गोरेलाल, मुन्नालाल, हेमराज, संदीप अहिरवार, मुकेश, महेंद्र कुमार, राकेश, कैलाश, पप्पू और कल्याण अहिरवार जैसे कई लोग शामिल थे।

---

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास निवेश व सुशासन की नई इबारत: भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि जनकल्याण, विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता का व्यापक दृष्टि पत्र है, जो मध्यप्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंनेकहा कि मुख्यमंत्री के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश ने विकास, निवेश आकर्षण, कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। यही कारण है कि मध्यप्रदेश आज देश के सबसे तेज़ विकास दर वाले राज्यों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

सिंह ने कहा कि प्रदेश की 11.40 प्रतिशत विकास दर केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि शासन की प्रतिबद्धता, योजनाओं की प्रभाव शीलता और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि यह दर्शाती है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। वर्ष 2025 को औद्योगिक वर्ष और 2026 को कृषि वर्ष घोषित किए जाने को उन्होंने दूरदर्शी और संतुलित निर्णय बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश में उद्योग और कृषि दोनों को समान महत्व मिलेगा तथा संतुलित आर्थिक संरचना का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 40 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को स्वीकृति मिलना और 8 लाख करोड़ रुपये के उद्योगों का धरातल पर उतरना इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए विश्वास का केंद्र बन चुका है। उन्होंने इसे प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की शुरुआत बताते हुए कहा कि इससे व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है और सरकार कौशल विकास, स्वरोजगार तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देकर युवाओं को सशक्त बना रही है। पर्यटन क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के कारण पर्यटन से लगभग 40 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो रहा है और मध्य प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराने में प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन में प्रदेश दूसरे स्थान पर है तथा दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जो किसानों की समृद्धि और सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है।

### पंच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ

**विदिशा।** सत्संग भवन में पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रवचनकर्ता के रूप में साध्वी प्रेमलता दीदी ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों का सरल एवं सारगर्भित वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। मंच पर मानस के वक्ता संत बजरंगशरण महाराज ने मानस के अद्भुत रहस्यों को उजागर किया।

### शमसाबाद विधानसभा के सेऊ में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नटेरन।** शमसाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेऊ में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन देवेश मीणा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर देवेश मीणा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई और कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अंशुज शर्मा, सरपंच बिकेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष संग्राम रघुवंशी, संजय रघुवंशी मूड़रा, बृजेश चौकेसे एवं जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

---

## निगम पर बिना कनेक्शन 1.74 लाख का जलकर बकाया बताने का आरोप

**सागर।** विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने सागर नगर निगम की बिलिंग व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि निगम विभिन्न मदों में बिल जारी करने में अत्यंत लापरवाही बरत रहा है। आरोप है कि बिना सत्यापन के ही किसी भी प्रकार के बिल जारी कर भुगतान की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनसे दो जल कनेक्शनों के नाम पर लगभग 1.74 लाख रुपये जलकर बकाया बताया गया है, जबकि उनके अनुसार वर्तमान में उनका कोई जल कनेक्शन नहीं है। पूर्व में जो कनेक्शन थे, उन्हें वर्ष 2019 में विधिवत विच्छेद कर दिया गया था, जिसकी रसीद उनके पास उपलब्ध है और संबंधित दस्तावेज भी सार्वजनिक रूप से साझा किए गए हैं। इसके बावजूद बकायादारों की सूची में नाम जारी कर दिया गया, जिससे उनकी अनावश्यक बदनामी हो रही है। कपिल मलैया ने कचरा कलेक्शन बिलिंग में भी अनियमितता का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पहले सात वर्षों का एकमुश्त बिल दिया गया और अब दो वर्षों का बिल एक साथ थमा दिया गया है। उन्होंने निगम को प्रतिमाह नियमित बिल देने के लिए पत्र भी सौंपा है, किंतु अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



## पटना बुजुर्ग के छात्र पीयूष दुबे को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

**रहली।** नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित अवॉर्ड समारोह में क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 11वी के छात्र पीयूष दुबे को 30 देशों के बीच हुई ओलंपियाड परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता और नीति आयोग के सदस्य डॉ विजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी, और शिक्षिका वंदना शुक्ला को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्या सिस्टर जॉन्सी ने कहा कि जितना महत्व अंग्रेजी का है उतना ही महत्व हिंदी का भी है, हम अपने छात्रों को जहा आधुनिक विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटर के बारे में पढ़ाते है वही मातृभाषा हिंदी को भी इतना ही महत्व देते है। छात्र के नगर आगमन पर प्राचार्या सहित विद्यालय स्टाफ ने पीयूष को सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में छात्र पीयूष दुबे के पिता चंद्रेश दुबे सहित 30 देशों के विद्यालयों से आये प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र, अभिभावक उपस्थित रहे।

---

निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली

## डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत करने व गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई व बकाया करों की राशि की सख्ती के साथ वसूली करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 के संबंध में तैयारियों एवं राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने एवं बकाया करों की राशि की सख्ती से वसूली करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त खत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों तथा सार्वजनिक स्थानों को प्रदूषित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और आवश्यकतानुसार चालानी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए तथा घर स्तर पर गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण कराया जाए। जिन क्षेत्रों में नागरिक सहभागिता कम है, वहां जन जागरूकता गतिविधियां बढ़ाई जाएं। निगमायुक्त ने स्वच्छता मित्रों की उपस्थिति, कार्यक्षमता तथा संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने, शहर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने, कचरा संग्रहण बिंदुओं को व्यवस्थित करने तथा सौंदर्यीकरण कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने तथा नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया आदि की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख मापदंडोंकृनागरिक फीडबैक, सेवा स्तर प्रगति, कचरा प्रबंधन एवं नवाचार गतिविधियोंकृपर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि शहर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण करने, कमियों की पहचान कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने एवं जनभागीदारी बढ़ाने के लिए वार्ड स्तर पर नागरिकों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया।

बैठक में स्वच्छता निरीक्षक आनंद मंगल गुरु, शशांक रावत, देवकुमार चौबे, अनिरुद्ध चाचौंदिया, विकास गुरु, आशुतोष सोलंकी, गंधर्व सिंह, रज्जन करोसिया, सभी वार्डों के इंजीनियर, एमआईएस एक्सपर्ट गौरव सिंह राजपूत ,स्वच्छता, स्वास्थ्य, यांत्रिकी, राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---



## भोपाल किसान महाचौपाल: रहली ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**रहली।** राजधानी भोपाल के जवाहर चौक (अटल पथ) पर 24 फरवरी को आयोजित होने जा रही विशाल 'किसान महाचौपाल' की तैयारियों को लेकर रहली ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस महाचौपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी मुख्य रूप से शामिल हो रहे हैं।बैठक में ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ब्लाक अध्यक्ष संजय पटेरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में यह महाचौपाल बुलाई गई है। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुँचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### मोहनगढ़ अंचल में ओलावृष्टि का कहर, खेतों में लहलहाते सपने हुए जमीदोज

# आधे घंटे की आफत ने किसानों की महीनों की मेहनत पर फेरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले की मोहनगढ़ तहसील के दरगाय खुर्द, दरगाय कलां, पंचमपुरा, मस्तापुर, कुंवरपुरा सहित मोहनगढ़ अंचल के कई गांवों में रविवार शाम अचानक बदले मौसम ने आधे घंटे में ऐसा कहर ढाया कि करीब शाम 4 बजे तेज बारिश, ओलावृष्टि और तूफानी हवाओं ने महज आधे घंटे में किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में लहलहाती फसलें रूपी किसानो की उम्मीदें देखते ही देखते जमीन पर बिछ गईं। कहीं गेहूं की बालियां झुककर कीचड़ में समा गईं, तो कहीं सरसों की फलियां टूटकर खेतों में बिखर गईं। मटर की फसल ओलों की मार से जमीन पर गिर पड़ी है और अब उसके सड़ने का खतरा मंडरा रहा है। चने की फसल भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।आधे घंटे ने किसान का सब कुछ छीन लिया।

दरगाय खुर्द निवासी किसान रामनाथ यादव और दुर्गा प्रसाद यादव ने दर्द भरी आवाज में बताया कि दो एकड़ के खेत में बोई गईं चना और सरसों की लहलहाती फ़सल लगभग पूरी तरह नष्ट हो गईं है, जबकि आधा एकड़ में लगी मटर की फसल भी बर्बाद हो चुकी है। किसान दीपक ने बताया कि इस बार बड़ी उम्मीदों के साथ खेती की थी। सोचा था फसल अच्छी होगी तो घर की जिम्मेदारियां पूरी कर पाएंगे। लेकिन आधे घंटे के मौसम ने सब कुछ तबाह कर दिया। मोहनगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में एक जैसा दर्द सभी किसानो को मिला है। रामप्यारे अहिरवार, प्रीतम लोधी, करन सिंह यादव सहित अनेक किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी उम्मीदें अब गीली मिट्टी में बिखरी नजर आ रही हैं। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने की कगार पर थी, ऐसे में हुआ यह नुकसान सीधे आर्थिक संकट में बदल सकता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते सहायता नहीं मिली तो कर्ज और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ और बढ़ जाएगा। मोहनगढ़ अंचल के खेतों में इस समय हरियाली से ज्यादा मायूसी पसरी है। आसमान से गिरे ओलों ने सिर्फ फसल ही नहीं, बल्कि किसानों के लहलहाते सपनों को भी बुरी तरह तोड़ कर रख दिया है।

### आधा दर्जन मोटरसाइकिल की गईं जब्त

# बकाया बिजली बिल जमा न करने पर विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



विद्युत वितरण केंद्र पलेरा अंतर्गत क्षेत्र के बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान चलाया है। लंबे समय से बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अब राजस्व वसूली की कार्रवाई जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगी है। इसी क्रम में ग्राम पाली, महेंद्र महेबा, बूदौर, गुड़ा एवं टोरी में विभागीय टीम ने दबिश देकर आधा दर्जन डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं।

जानकारी के अनुसार संबंधित उपभोक्ताओं पर लगभग पौने तीन लाख का विद्युत राजस्व बकाया था। कई बार नोटिस जारी करने, व्यक्तिगत संपर्क करने और भुगतान के लिए समय देने के बावजूद राशि जमा न होने पर विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्की की कार्रवाई की गई। गांवों में विभागीय टीम के पहुंचते ही बकायादारों में हड़कंप की स्थिति बन गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी दंडात्मक मानसिकता से नहीं, बल्कि राजस्व वसूली करने और नियमित उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है। विभाग का कहना है कि जो उपभोक्ता समय पर बिल जमा करते हैं, उनके साथ न्याय करना भी प्रशासनिक जिम्मेदारी है।

सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान चरणबद्ध तरीके से लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर बकाया राशि लंबित है, ऐसे उपभोक्ता स्वेच्छा से शीघ्र भुगतान करें, अन्यथा कुर्की, कनेक्शन काटने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त अवसर देता है, लेकिन अनदेखी करने पर सख्त कदम उठाना अनिवार्य हो जाता है। उक्त कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में लाइनमैन जनक सिंह कुशवाहा सहित आउटसोर्स कर्मचारी भागीरथ अहिरवार, सुनील यादव, अरविंद सूत्रकार, गौरव सेन, दिनेश अहिरवार, अंकुर खरे एवं राजेंद्र मिश्रा की अहम भूमिका रही। पूरी टीम ने समन्वय के साथ राजस्व वसूली अभियान को अंजाम दिया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बकाया वसूली को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर बिल भुगतान ही उपभोक्ताओं को कानूनी कार्रवाई से बचा सकता है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली बिल को प्राथमिकता देते हुए नियत तिथि के भीतर जमा करें, जिससे अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। राजस्व वसूली अभियान की इस सख्ती से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि आने वाले दिनों में भी बकायादारों पर कार्रवाई का दायरा और व्यापक हो सकता है।

### विरासत बचाओ मंच ने नपाध्यक्ष से भेंट की

# भगवान कृष्ण के नाम से नामकरण करने वाले महाराजा की प्रतिमा लगाने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिन महाराजा विक्रमाजीत ने भगवान कृष्ण के नाम से शहर को एक नया नाम व पहचान दिलाई, प्रसिद्ध किलो का निर्माण करके ऐसी विरासत दी जो आज भी जिलेवासियों के लिए ऐतिहासिक स्थल है। अपने राजशाही दौर में जिले में साहित्य और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया। उन महाराजा विक्रमाजीत की प्रतिमा लगाए जाने की मांग करते हुए विरासत बचाओ मंच के पदाधिकारियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक से मुलाक़ात की गईं। जिसके बाद नपाध्यक्ष मलिक ने विरासत बचाओ मंच के पदाधिकारियों को उक्त मांग पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंच पदाधिकारियों द्वारा नपाध्यक्ष मलिक का सम्मान भी किया गया और उनके द्वारा नगर में किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की गईं।

**1783 में ओरछा से आकर महाराजा विक्रमाजीत ने बसाया टीकमगढ़ नगर: मलिक**

विरासत बचाओ मंच के पदाधिकारियों से मुलाक़ात के दौरान जिले के इतिहास की जानकारी उल्लेखित करते हुये नपाध्यक्ष मलिक ने कहा कि महाराजा विक्रमाजीत का शासनकाल सन 1776 से 1817 तक रहा। जिनका बुंदेलखंड के ओरछा राज्य में शासन रहा। लेकिन फिर बिषम परिस्थितियो के उत्पन्न होने की बजह से सुरक्षा की दृष्टि से महाराजा विक्रमाजीत ने 1783 में अपनी राजधानी को ओरछा से तत्कालीन टेहरी नगर में स्थानांतरित कर दिया। महाराजा विक्रमाजीत भगवान कृष्ण के भक्त थे। इसलिये अपने आराध्य भगवान कृष्ण के एक उपनाम टीकम के नाम पर टेहरी का नाम बदलकर टीकमगढ़ कर दिया गया। महाराजा विक्रमाजीत ने ही टेहरी को नया नाम टीकमगढ़ दिया। नपाध्यक्ष ने अपने इतिहास संबंधी जानकारी का वर्णन करते हुए बताया कि महाराजा विक्रमाजीत ने भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के नाम पर यहाँ टीकमगढ़ जिले का वह प्रसिद्ध किला भी बनवाया, जिसे आज बलदेवगढ़ किला के नाम से जाना जाता है। जो आज भी एक ऐतिहासिक स्थल के रूप में पहचान कायम किये हुए है। महाराजा विक्रमाजीत के शासनकाल के दौरान साहित्य और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया गया।

नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक से मुलाक़ात के दौरान विरासत बचाओ मंच पदाधिकारियों ने टीकमगढ़ के महाराजा विकमाजीत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग की। इस दौरान पदाधिकारियो ने नपाध्यक्ष मलिक से कहा कि ओरछा से टीकमगढ़ राजधानी लाने वाले और टीकमगढ़ व बलदेवगढ़ जैसे प्रशिद्ध किले का निर्माण करने बाले महाराजा विक्रमाजीत व ऐतिहासिक विरासत के बारे में नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिये यह आवश्यक है कि महाराजा विक्रमाजीत की प्रतिमा शहर में लगवाई जाये। विरासत बचाओ मंच पदाधिकारियों ने नगर में हो रहे विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष मलिक की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। नगर पालिका अध्यक्ष मलिक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में नगर के विकास को नई गति मिली है।

# 'शिक्षा क्षेत्र में जीवन के 44 वर्ष देने वाले शिक्षक जगदीश एक कर्मयोगी योद्धा'

### शिक्षक संघ ने शिक्षक का विदाई सम्मान समारोह किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान



अर्धवार्षिकआयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षक जगदीश दुबे के शिक्षाक्षेत्र में 44 वर्षीय योगदान के लिए शिक्षक संघ टीकमगढ़ की तहसील बड़ागांव धसान एवं ब्लॉक इकाई के सौजन्य से विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन प्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमान जी की पूजा अर्चना उपरांत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया गया। आयोजन के आरंभ में सरस्वती वन्दना जिला उपाध्यक्ष विवेक शर्मा एवं स्वागत गीत संभागीय सचिव सागर प्रधानाध्यापक बुद्ध सागर सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में बुद्ध सागर सिंह, विशिष्ट अतिथि रूप में राजीव जैन संकुल प्राचार्य एबं प्रमोद नापित जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ टीकमगढ़ के जिला सचिव अरविन्द साहू ने अपने उद्बोधन में शिक्षक जगदीश दुबे के कर्तव्य एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के चरित्र को गढ़ता है। मैंने अपने 27 वर्षीय सेवा काल में ऐसा विदाई सम्मान समारोह नहीं देखा। उनके उद्बोधन से कक्षा में बैठे सैकड़ो शिक्षक और शिक्षकों की आंखें नाम हो गई। शिक्षक संघ टीकमगढ़ के जिला अध्यक्ष प्रमोद नापित ने कहा कि शिक्षक जगत के लिए जगदीश दुबे का कृतित्व एवं व्यक्तित्व के स्मरणीय एवं अनुकरणीय है वह शिक्षा के क्षेत्र में एक कर्म योगी योद्धा की तरह थे। शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद दूरबार ने उनके योगदान प्रकाश डालते हुए कहा कि जगदीश दुबे हमेशा से चरैवेति चरैवेति सिद्धांत के पालन में विश्वास रखते हैं। दूरबार ने शायराना अंदाज में कहा कि ₹हजारों साल नर्गिस अपनी वे नूरी पर रोती है बड़ी मुश्किल से होता है जगदीश दुबे जैसा शिक्षक पैदा₹। अपने विदाई उद्बोधन में जगदीश प्रसाद दुबे ने कहा कि मैं शासकीय सेवा से तो सेवा निवृत्त हुआ हूं लेकिन सामाजिक सेवा से नहीं। इसलिये मैं शिक्षक हित में अनवरत कार्य करता रहूंगा और आपके हित के लिए संघर्ष करता रहूंगा। इस दौरान निरंजन खरे ब्लॉक अध्यक्ष व द्रोपदी विश्वकर्मा द्वारा शाल श्री फल से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष महेश प्रसाद नायक एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक शर्मा ने किया।

नगर के प्रसिद्ध समाज सेवी सत्यम शिवम तिवारी ने अपने आवास पर जगदीश प्रसाद दुबे के साथ शिक्षक संघ टीकमगढ़ के पदाधिकारियों का अभूतपूर्व स्वागत कर श्रीमद् भागवत गीता एवं राम दरबार भेंट किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक संजय जैन ने भी अपने घर पर शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी एवं सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश दुबे का शाल श्रीफल से स्वागत अभिनंदन किया एवं उन्हें भावभीनी विदाई की। उक्त बिदाई सम्मान समारोह के दौरान प्रमोद दूरबार, विवेक शर्मा, महेश प्रसाद नायक, लखन लाल विश्वकर्मा, बृजेश राय, बृज बिहारी यादव, अखण्ड प्रताप गुप्ता, बृजेन्द्र असाटी, रईस खान, कालका राजपूत, भान सिंह ठाकुर प्राचार्य ककरवाहा, बिहारी लाल कारपेंटर, रामकुमार नामदेव, सोनू सगर, सचिन पुष्पकर, राजेश यादव, हरिराम कुम्हार, रघुनंदन शुक्ला, रामकुमार कटारे, रमेश कुमार गुप्ता, प्रवीण सोनी, शोभाराम विश्वकर्मा, पवन देवलिया, छत्रपाल सिंह चौहान, राजेंद्र चतुर्वेदी, रामेश्वर लोधी, रमेश देवलिया, राजू कुमार प्रजापति, बृजेंद्र तिवारी, रामनरेश राजपूत, राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, रितु राजा चौहान, विभा गुप्ता, गीता गुप्ता, डां काशीराम असाटी, कमल जैन, रामसखी अहिरवार, रामनरेश सिंह चौहान, मुकेश साहू, संजय जैन, शारदा इटोरिया, सुनीता विश्वकर्मा, रोमिका जैन, ऊषा विश्वकर्मा, दीपक खरे आदि उपस्थित रहे।

### जातिसूचक गालियां देकर युवक से मारपीट की

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में नहर के पास एक युवक के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम डुंडारिया, थाना पाली निवासी बलराम अहिवार ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 21 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे अपने भाई के साथ रिश्तेदार राकेश के यहां ग्राम सिंघारी आया हुआ था। इसी दौरान वह रिश्तेदार के साथ गांव में नहर के पास मौजूद था। आरोप है कि तभी गांव का ही संतोष पुत्र प्रभू मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और बिना किसी बात के विवाद करने लगा। जब बलराम ने विरोध किया तो आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं और अपने साथियों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी।

### सीएम हेल्पलाइन पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

# विश्वास सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है सीएम हेल्पलाइन : मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जनता के प्रति समर्पण, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ सीएम हेल्पलाइन निराकरण में उत्कृष्टता का संकल्प लेकर जनविश्वास सुदृढ़ करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सशक्त पहल करते हुए व्यावसायिक उत्कृष्टता और संवेदनशील व्यवहार पर केंद्रित जिला स्तरीय पुलिस प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक मंडलोई के नेतृत्व में जिले के समस्त थानों में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में संलग्न प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाल आयोजित की गई।

उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ करना था। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक में उपस्थित अधिकारियो व कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनायें देते हुए जिले द्वारा पूर्व में चार बार प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि में शामिल अधिकारियो व कर्मचारियों के समर्पित एवं अनुकरणीय कार्य की सराहना की।

कार्यशाला के दौरान अपने मार्गदर्शन उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन केवल शिकायत निवारण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि शासन एवं नागरिकों के मध्य विश्वास सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण किया जाए। कार्यशाला में शिकायतों के प्रभावी वर्गीकरण, प्राथमिकता निर्धारण एवं चार-स्तरीय निराकरण प्रणाली के अंतर्गत चिन्हांकन की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप अपनी व्यावसायिक दक्षता को निरंतर कायम रखें तथा अपने व्यवहार में संयम, शालीनता एवं नागरिकोन्मुख दृष्टिकोण अपनाएं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली रविभूषण पाठक, थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव सहित जिले के सभी थानों से आए प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि जिला पुलिस जिले के नागरिकों की अपेक्षाओं पर पूर्णतः खरा उतरते हुए सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्टता की परंपरा को निरंतर बनाए रखेगी तथा सेवा, सुरक्षा एवं सहयोग के मूल मंत्र को सर्वोपरि रखेगी।

### एसपी मंडलोई के निर्देशन में संचालित दो अभियानों में पुलिस ने कसा दोहरा शिकंजा

# बुडेरा पुलिस का डबल एक्शन, आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आपराधिक, सामजिक, शारीरिक, मानसिक सुधार के उद्देश्य से कई अभियानों को संचालित किया जा रहा है। जिनके तहत विभिन्न थाना पुलिस द्वारा कार्यवाहीयां की जा रही हैं। इसी दौरान जिले के बुडेरा थाना पुलिस द्वारा एक ही बार में दो अभियानों के तहत डबल एक्शन करते हुए दोहरी सफलता प्राप्त की है। जिसमें से एक सफलता के तहत अवैध शराब जप्ती मामले में आबकारी एक्ट के तहत फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तो दूसरी ओर मुस्कान अभियान में सफलता प्राप्त करते हुए एक गायब नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। नाबालिगों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए एसपी मंडलोई के नेतृत्व में जिले में वर्ष 2026 में अब तक कुल 24 बच्चों को बरामद कर सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में गुमशुदा नाबालिग बालक, बालिकाओं की शीघ्र एवं सुरक्षित बरामदगी के लिए मुस्कान अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गुमशुदा नाबालिगों की खोज के लिये सुदृढ़ मुखबिर तंत्र विकसित करें, तकनीकी संसाधनों का समुचित उपयोग करें तथा प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशील एवं प्राथमिकता आधारित कार्यवाही करें।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 में अब तक जिले की विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा देश के विभिन्न महानगरों से कुल 24 गुमशुदा नाबालिग बालक, बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है। इसी क्रम में थाना बुडेरा में दिनांक 4 नवंबर 2025 को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त प्रकरण में धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना में लेकर जांच शुरू कर दी थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुडेरा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी विश्लेषण एवं समन्वित कार्यवाही के माध्यम से 19 फ़रवरी को अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया।

#### एक ही दिन में दूसरी सफलता रूप में गिरफ्तार किया फरार आरोपी

जिले में अवैध शराब, गांजा एवं अवैध शस्त्रों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुडेरा द्वारा विशेष टीम गठित कर एक ही दिन में दूसरी प्रभावी कार्यवाही की गई। पूर्व में की गईं कार्यवाही में थाना बुडेरा अंतर्गत ग्राम नयागांव में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी महेश लोधी के खेत पर रेड कार्यवाही की गई थी। रेड के दौरान 10 पेटियों में कुल 450 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन अबैध शराब जप्त की गईं थी। जिसकी कुल मात्रा लगभग 81 लीटर और अनुमानित कीमत 31 हजार 500 आँकी गईं थी। लेकिन इसी दौरान रेड के समय आरोपीीरँ लोधी मौके से फरार हो गया था। तब जप्तशुदा शराब को विधिवत गवाहों की उपस्थिति में जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। और उक्त कृत्य मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।जप्ती उपरांत फरार आरोपी महेश लोधी की पुलिस द्वारा लगातार तलाश करते हुए दबिश दी गई। जिसके चलते पुलिस के बढ़ते दबाब और गिरफ्तारी से बचने के उद्धेश्य से आरोपी महेश ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। लेकिन बुडेरा पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए न्यायालय से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी महेश से विस्तृत पूछताछ की गईं। जिसके दौरान आरोपी महेश द्वारा अवैध शराब के भंडारण एवं विक्रय में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता स्वीकार करते हुए सहयोगियों की जानकारी पुलिस को दी। पूछताछ के आधार पर सहआरोपी दयालू उर्फ दयाराम लोधी निवासी गढ़ाटौरिया नयागांव को बुडेरा पुलिस ने 19 फ़रवरी को विधिवत गिरफ्तार किया और दोनों आरोपियों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया। उक्त मामले में एक अन्य सहआरोपी दयाराम लोधी वर्तमान में फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर पुलिस द्वारा सतत दबिश दी जा रही है। उक्त दोनों मामलो की प्रथक पृथक सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बुडेरा उपनिरीक्षक मनोज यादव, सहायक उपनिरीक्षक चुन्नूलाल समुद्रे, प्रधान आरक्षक मुन्नालाल प्रजापति, आरक्षक जितेन्द्र सिंह चन्देल, आरक्षक ऋषि प्रताप, आरक्षक चन्द्रभान राजपूत, आरक्षक संजय बुन्देला, महिला आरक्षक अनुशा बुन्देला एवं महिला आरक्षक मोहनी खंगार का सराहनीय योगदान रहा।

### विद्यार्थियों के हित में ध्वनि नियंत्रण को लेकर थानों में हुई डीजे संचालकों की बैठक



टीकमगढ़। शासन एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर जिले के थानों में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियंत्रित एवं विधिसम्मत रूप में उपयोग करने के निर्देश डीजे संचालकों को दिए गए। एसपी मंडलोई द्वारा जिला टीकमगढ़ के सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें शासन के प्रचलित नियमों, उच्च न्यायालय के आदेशों तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रावधानों की जानकारी डीजे संचालको को दी जाए। साथ ही वर्तमान में संचालित हो रही स्कूली परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी जाए, ताकि विद्यार्थियों की अध्ययन प्रक्रिया प्रभावित न हो। इसी क्रम में 22 फरवरी को थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी दिगोड़ा द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च न्यायालय एवं मप्र शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन से अवगत कराते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों एवं नियंत्रित ध्वनि स्तर पर ही करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में स्कूली बच्चों की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, अतः ध्वनि प्रदूषण पर विशेष नियंत्रण रखा जाना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस द्वारा नागरिकों से भी अपेक्षा करते हुए कहा गया कि वे सामाजिक समरसता, शांति एवं विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

शहर में झूल रहे जर्जर भवन जनहानि का सबब न बन जाएं

# निजी जर्जर भवनों को नोटिस की औपचारिकता, प्रशासनिक अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर शहर में नगर पालिका ने वैसे तो करीब एक दर्जन स्थानों पर जर्जर भवन चिन्हित कर उन्हें मानवीय उपयोग के लिए अवैध करार देते हुए संबंधित भवन स्वामियों को उक्त भवन स्वेच्छा से गिरा लेने का नोटिस जारी कर दिए हैं लेकिन नपा प्रशासन की यह कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक सीमित है। हर साल मानसून शुरू होने से पहले इस तरह के नोटिस जारी किए जाते हैं। उधर कई सरकारी भवन जिनमें स्कूल और आंगनबाड़ी भवन शामिल हैं कि ओर से प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।

वर्ष 2021 में आई सदी की भीषणतम बाढ़ के बाद शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जर्जर भवनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। इससे सबसे अधिक खतरा पूर्व से जर्जर भवनों से उत्पन्न हो गया। हालांकि नगरपालिका ने ऐसे निजी जर्जर भवनों के मालिकों को जनहानि होने से बचाने के उद्देश्य से नोटिस जारी कर दिए हैं। ओर इन नोटिसों को मानसून शुरू होने से पूर्व शासन से मिले निर्देश की पालना में रिनुअल किया जाता रहता है, ऐसा लगता है कि नगरपालिका प्रशासन शायद इन जर्जर भवनों के गिरने ओर जनहानि होने के इंतज़ार में है। मौत बनकर सिर पर खड़े ऐसे भवनों के पास लोग मकान दुकान बनाकर रहने ओर व्यवसाय करने का काम कर रहे हैं, जिन्हें इन जर्जर भवनों से जनहानि का खतरा बना हुआ है। पर शहर सहित जिले में सैकड़ों की संख्या में सरकारी भवन जर्जर पड़े हैं जिनकी ओर से शायद प्रशासन आंख मूंदे बैठा हुआ है।



### टीएल तक सीमित कलेक्टर के निर्देश

जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए कलेक्टर समय समय पर निर्देश जारी करते रहते हैं पर यह निर्देश समय सीमा (टीएल) की बैठक तक ही सीमित रहते हैं। टीएल में कलेक्टर के निर्देश पर सरकारी जर्जर भवनों की सूची तो बनाई जाती है लेकिन उनका मेंटेनेंस कराने की कोई कवायद नहीं की जा रही है। वहीं शहरी क्षेत्र ऐसे कई भवन जर्जर गिरने की स्थिति में है जिनसे जनहानि का खतरा उत्पन्न हो सकता है। इन भवनों को भी गिराने की कोई कवायद नहीं की गई।

### अनुपयोगी बेचे, उपयोगी से आंखें मूंदी

शहर के भीतर कुछ सरकारी भवन ऐसे भी थे जिन्हें प्रशासन ने बेचकर मोटी रकम कमा ली। ऐसे भवनों में सुबात कचहरी, पुरानी कलेक्ट्रेट, पीडब्ल्यूडी का वर्कशॉप शामिल हैं जिन्हें बेच कर प्रशासन ने करोड़ों रुपया एकत्रित किया लेकिन उस पैसे से जनता के लिए कोई काम कराने के बजाए मंत्रियों के लिए रेस्ट हाउस, एसडीएम कार्यालय और कर्मचारियों के लिए आवास बना डालें। जबकि कई स्कूलों और आंगनवाड़ियां ऐसी है जो कभी भी गिरकर जनहानि का कारण बन सकती है हाल ही में कराए गए सर्वे में चार सैकड़ा स्कूल के शाला प्रभारी ने खुद अपने स्कूलों के भवनों को जर्जर बताया हैं। इसकी बानगी की कुछ माह पहले राडेप में और कुछ दिन पहले श्रीजी की गांवड़ी में स्कूल भवन की छतें तक गिर गई थी जब स्कूल में बच्चे अध्यनरत थे।

### निर्देश दिए गए थे

सभी सरकारी और निजी भवन जो जर्जर है उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। संबंधितों को नोटिस देकर भवन खुद अपने खर्चे पर डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए गए थे, जिन्होने जर्जर भवनों को नहीं गिराया है उन्हें जनहित को ध्यान में रखते हुए गिराने की कार्रवाई की जाएगी और इसमें आने वाला खर्चा संबंधित भवन स्वामी से वसूला जाएगा।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूली दो वारदातें, छीने गए मोबाइल भी बरामद

# मोबाइल छीनकर भागने वाले बदमाश और उसके साथी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोतवाली थाना पुलिस ने एक ऐसे बदमाश और उसके साथी को दबोचा है,जो शहर के गली मोहल्लों से लोगों के मोबाइल छीनकर बाइक से भाग जाते है। इन घटनाओं से शहर के लोग सकते में आ गए थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मोबाइल छीनकर भागने वाले बदमाश और उसके साथी को सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते अरेस्ट कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने न केवल दो वारदातों के अंजाम देना कबूल कर लिया है, बल्कि उनके कब्जे से छीने गए मोबाइल और बाइक भी बरामद की गई है।

कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि शीतलापाडा निवासी पवन कुमार सुमन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 फरवरी को जब वह सब्जी मंडी गली से गुजर रहा था,तभी बाइक सवार आरोपी उसका मोबाइल हाथ से छीनकर भाग गया। वहीं इसी तरह की दूसरी रिपोर्ट देव सविता निवासी वार्ड क्रमांक 15 श्योपुर ने दर्ज कराई थी कि 13 फरवरी को जब पाली रोड से गुजर रहा था,तभी बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल छीनकर भाग निकला। दोनों मामलो में एफआईआर दर्ज की और पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एक पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मोबाइल टॉवर लोकेशन के जरिए मोबाइल छीनकर भागने वाले बदमाश की पहचान विष्णु पांचाल पुत्र रामदयाल पांचाल निवासी जैनी हाल कमालखेडी श्योपुर के रूप में हुई और फिर उसे दबिश देकर दबोच लिया। जिसने स्वीकार किया है कि उसने दोनो वारदातों के अंजाम दिया और फिर छीने गए दोनो मोबाइल अपने साथही राजू आदिवासी पुत्र श्याम आदिवासी निवासी कुम्हार मोहल्ला श्योपुर को 4 हजार रूपए में बेच दिए। इसके बाद दोनो आरोपियों को दबोचने के साथही वह बाइक भी जब्त कर ली,जिसके जरिए इनके द्वारा वारदातों को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई के अलावा प्रआ लोकेन्द्र कंषाना, सतेन्द्र बैस, दीपेश, आरक्षक राधेश्याम शर्मा, आरक्षक देवेन्द्र गुर्जर की अहम भूमिका रही है।



### अपने महंगे शौक पूरा करने अंजाम देता था वारदात

कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि आरोपी के द्वारा कई ऐसे महंगे शौक करना शुरू कर दिया था,जिनकी पूर्ति के लिए उसके पास पैसे की तंगी परेशान करने लगी। अपने शौक को पूरा करने में पैसों की तंगी आडे न जाए,इसके लिए उसने वारदातों को मोबाइल छीनकर उसे बेच देने की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

# विधानसभा में मल्होत्रा ने कहा दूषित पानी पी रहे ग्रामीण, मंत्री बोलीं प्रश्न ही नहीं,आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में पानी की समस्या उठाते हुए सवाल पूछा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पीने के पानी का गंभीर संकट है लोग नदी नालों कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। इस प्रश्न का जवाब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने देते हुए प्रश्न को ही निराधार आरोप बताते हुए खारिज कर दिया।

विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में प्रश्न लगाया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि जिला श्योपुर के समस्त ग्रामीणांचलों में ट्यूवेल, हैण्डपम्प बोरवेल न होने के कारण ग्रामीण आज भी नदी, झरनों, कुआँ, बावड़ी तालाबों का गंदा पानी पीने को मजबूर है? नल-जल योजना पूरी तरह से फेल है, तहसील विजयपुर, वीरपुर एवं कराहल क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों में आज भी पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है? विभाग के अधिकारी कर्मचारी पेयजल समस्या के निदान पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है, जिसका कारण क्या है। मल्होत्रा के इस सवाल के जवाब में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उड़के ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि यह प्रश्न नहीं निराधार आरोप है श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा में 4270 हैंडपंपों एवं 2196 सिंगल फेस सबमर्सिबल मोटर पंपों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके अतिरिक्त जिले के समस्त ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना/समूह जल प्रदाय योजना से जल प्रदाय किया जाना लक्षित है। मंत्री का यह जवाब सुनकर कांग्रेस के अन्य विधायक भी खड़े होकर चिल्लाने लगे और कहने लगे कि सरकार जिम्मेदारियों से बच रही है। काम करने के बजाय विधायकों द्वारा लगाए गए प्रश्न को ही झूठा बता रही है।

# पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करने वाले एनएसयूआई पदाधिकारियों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इंदौर की घटना को लेकर रविवार को शहर के जयस्तंभ चौक पर पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करने वाले एनएसयूआई पदाधिकारियों के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जिनमें दो आरोपी नामजद है, जबकि कुछ आरोपी अज्ञात है। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार को जय स्तंभ चौक पर एनएसयूआई के द्वारा पुतला जलाकर जो विरोध प्रदर्शन किया गया था, उस प्रदर्शन के कारण वहां आमजन का जीवन संकट में पड गया था।इसलिए इस मामले में




नदीम पुत्र जाकिर खान निवासी हम्माल मोहल्ला श्योपुर की रिपोर्ट पर अभिषेक मीणा, पीयूष शिवहरे तथा अन्य साथी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसडीओपी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के नाम पर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करेगा,उसके खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

क्षेत्र में आस्था का प्रतीक और पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो रहे शहर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दी गई 25 लाख रुपए निधि से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भूमि पूजन उपरांत किया।

बगवाज ग्राम पंचायत में कदवाल नदी पर किनारे स्थित इस रमणीक स्थल पर सामुदायिक भवन बनाने की शुरुआत सोमवार को भूमि पूजन के साथ हो गई। ज्ञात हो कि मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 25 लाख रुपए की निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति दी थी जिससे मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का काम शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि मंदिर समिति ने मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ परिसर को भव्यता प्रदान करने की योजना बनाई है ताकि मंदिर पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित हो सके।



# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच नदी में डूबने से मौत

**श्योपुर।** शहर के कुम्हार खेडली निवासी दौलत बाथम की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच सीप नदी में गिरने से मौत हो गई। सोमवार की दोपहर को उसकी लाश शहर के नागदा रोड स्थित सीप नदी के टूटे पुल के पास तैरती मिली। कोतवाली पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर को सूचना मिली कि नागदा रोड स्थित सीप नदी के टूटे पुल के पास एक व्यक्ति की लाश पडी है। इस सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा, जिसके द्वारा लाश को नदी से बाहर निकाला।इसके बाद उसकी पहचान दौलत बाथम पुत्र गोपाल बाथम निवासी कुम्हार खेडली वार्ड क्रमांक 14 श्योपुर के रूप में हुई। जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर नदी में गिरने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### रोजगार मेला 27 को

**श्योपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर, आईटीआई हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# मीणा समाज को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

क्षेत्रीय मीणा समाज समिति श्योपुर ने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को एक ज्ञापन प्रेषित करते हुए मीणा समाज को फिर से अनुसूचित जनजाति (एसटी) शामिल करने और विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज नागदा की अगुवाई में प्रेषित किए ज्ञापन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के गठन समय और उससे पूर्व मध्य भारत के कई क्षेत्रो में मीना समाज को विधिवत अनुसूचित जन जाति का दर्जा प्राप्त था, विशेषकर सिरोंज, लटेरी और उससे जुडे क्षेत्रों के गजट नोटिफिकेशन मीना समाज को एसटी की सूची में रखा गया था। जिसे बाद में प्रशासनिक जटिलताओं के कारण विलोपित कर दिया गया।

# सीएम हेल्पलाइन में 85 प्रतिशत से अधिक निराकरण का लक्ष्य रखें:एडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि इस माह सीएम हेल्पलाइन में श्योपुर जिले को 80.40 प्रतिशत निराकरण के साथ ए-ग्रेडिंग प्राप्त हुई है, अगले माह 85 प्रतिशत निराकरण का लक्ष्य लेकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में सीएम हेल्पलाइन में निराकरण के वेटेज को बढाया जाये, उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल एल-1 अधिकारी द्वारा अटेन्डेड की जायें तथा सकारात्मक रूप से शिकायतों का निराकरण किया जायें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद कराया जाए। इसी प्रकार उन्होंने टीएल मार्क पत्रों और आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 दिवस से अधिक समय की टीएल का निराकरण इस सप्ताह प्रस्तुत किया जाए। जनसुनवाई के तहत विभिन्न विभागों को भेजे गए आवेदनों का निराकरण भी इसी सप्ताह निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को विभागीय भ्रमण के दौरान स्कूल, छात्रावासों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण तथा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की मैदानी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

श्री हजारेश्वर स्कूल श्योपुर के प्राचार्य पद का मामला

# सीनियर की अनदेखी कर जूनियर को सौंपा प्राचार्य का प्रभार, उठ रहे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले का शिक्षा विभाग किसी न किसी मामले को लेकर चर्चा का विषय बना रहता है। ताजा मामला शासकीय श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के प्राचार्य पद के प्रभार को लेकर सामने आया है। हजारेश्वर स्कूल प्राचार्य डॉ पीएस गोयल सेवा निवृत्त हो गए है,उनके बाद विभाग के द्वारा इस विद्यालय के प्राचार्य का प्रभार एक सीनियर की घोर अनदेखी करते हुए एक जूनियर को प्राचार्य का प्रभार सौंप दिया गया है। इसको लेकर विभागीय गलियारों में कई तरह के सवाल उठ रहे है। सवाल उठना भी लाजमी है, क्यांकि जिस सीनियर व्याख्याता की अनदेखी करते हुए शिक्षा विभाग ने इसी विद्यालय की एक शिक्षिका को स्कूल प्राचार्य प्रभार सौंप दिए जाने के आदेश जारी कर दिए है।

दरअसल शासकीय श्री हजारेश्वर उमावि श्योपुर के प्राचार्य पद पर अभी तक फिलहाल डॉ पीएस गोयल पदस्थ थे। लेकिन 31 जनवरी को वे रिटायर हो गए। जिसकारण प्राचार्य का पद खाली हो गया था। शिक्षा विभाग ने श्री हजारेश्वर स्कूल प्राचार्य का प्रभार इसी विद्यालय में पदस्थ रश्मि शर्मा को सौंप दिया है। जिसके चलते विभागीय गलियारों में इस तरह की चर्चाएं होना शुरू हो गई है कि प्राचार्य का प्रभार वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए मनोज पाराशर को सौंपा जाना चाहिए था। क्योंकि पाराशर करीब दो तीन बार इस विद्यालय के प्राचार्य रह चुके है। ऐसे मे वरिष्ठता के नियमों की अनदेखी साफ उजागर हुई है।




### गोयल रिटायर होने के बाद पाराशर को सौंपकर गए प्रभार

श्री हजारेश्वर स्कूल प्राचार्य डॉ पीएस गोयल 31 जनवरी को रिटायर हो गए है। लेकिन उन्होंने रिटायर होने से पहले श्री हजारेश्वर स्कूल के प्राचार्य का प्रभार इसी विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता मनोज पाराशर को सौंपने के आदेश जारी कर दिए हैं। अपने आदेश में प्राचार्य डॉ गोयल ने साफ लिखा है कि मेरे सेवा निवृत्त होने के बाद विद्यालय का समस्त प्रभार मनोज पाराशर की ओर रहेगा और यह आदेश 31 जनवरी को दोपहर बाद प्रभावशील हो जाएगा। उन्होने विद्यालय स्टाफ के लिए भी यह निर्देश जारी कर दिए कि 31 जनवरी को दोपहर बाद से विद्यालय के समस्त प्रभार की जिम्मेदारी पाराशर निर्वहन करेगे।

### तीन बार प्राचार्य रह चुके हैं पाराशर

डॉ पीएस गोयल रिटायर होने से पहले इसी विद्यालय के सीनियर व्याख्याता मनोज पाराशर को विद्यालय के प्राचार्य का प्रभार सौप कर गए है। इसके पहले पाराशर तीन बार श्री हजारेश्वर स्कूल के प्राचार्य रह चुके है। विभागीय सूत्र बता रहे है कि व्याख्याता मनोज पाराशर पहली बार प्राचार्य वर्ष 2011-12 में इस विद्यालय के प्राचार्य रहे है। जबकि दूसरी बार वर्ष 2020 में तथा तीसरी बार 2023 से अक्टूबर 2025 तक भी इस विद्यालय के प्राचार्य जैसे महत्वपूण पद की जिम्मेदारी संभाल चुके है तथा उनके सीनियर विद्यालय में कोई दूसरा व्याख्याता भी नहीं है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें प्राचार्य का प्रभार सौपने का आदेश जारी न करना कई तरह के सवालों के जन्म दे रहा है।

### इनका कहना है

आप जैसा बता रहे हो,वैसा यदि हुआ है तो इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अरविंद सिंह
जेडी शिक्षा विभाग,ग्वालियर

# स्वयं पोर्टल के पाठ्यक्रमों से विद्यार्थी अपने कौशल और व्यक्तित्व का विकास करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय महाविद्यालय ढोढर में स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थियों में जागरूकता विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ. कुमार रत्नम ने डिजिटल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण मंचों से जुड़ने का संदेश दिया। संरक्षक डॉ. ओपी शर्मा ने स्वयं पोर्टल की उपयोगिता एवं नई शिक्षा नीति के संदर्भ में उसके महत्व को रेखांकित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामपति रावत के निर्देशन में आयोजित इस वेबिनार में मुख्य वक्ताओं में डॉ. सुरेंद्र सिंह, सह-प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान, ए.आर.एस. डी. महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. गरिमा श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, बायो टेक्नोलॉजी एव बायो साइंस विभाग, बनस्थली विद्यापीठ, टोंक, राजस्थान ने वक्तव्य दिए।

प्रथम मुख्य वक्ता डॉ गरिमा श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं पोर्टल पर काफी सारे ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध है जिन्हें पढ़कर विद्यार्थी अपने कौशल एव व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। यहां उपलब्ध कोर्स करने के बाद रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है। द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ सुरेंद्र सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार द्वारा शिक्षा के तीन स्तंभों-पहुंच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया एक निशुल्क, उच्च गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा मंच है। वेबिनार का संयोजन डॉ. वकील सिंह कौशल तथा संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने किया। क

कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## रजक समाज ने संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई

# संत गाडगे महाराज की जयंती पर गुलौआ मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती पर रजक समाज द्वारा संयुक्त मोर्चा एवं रजक समाज सेवा समिति के नेतृत्व में गुलौआ मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संत गाडगे महाराज के स्वच्छता एवं सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान नगर पालिका स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एचडी गोस्वामी ने संत गाडगे महाराज के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। रतनलाल रजक ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने जीवनभर स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज को उनके बताए मार्ग पर चलकर गांव और शहर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कल्याण रजक ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि दैनिक जीवन की आदत बननी चाहिए। संयुक्त मोर्चा सदस्य एड. राजेश रजक ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे आगे आकर समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव लाएं।

मनोज रजक ने बताया कि इस बार बाबा की 150 वीं जयंती को हम पखवाड़े के रूप में मना रहे हैं। जिसका समापन 27 फरवरी को समाज कल्याण केंद्र में आयोजित भव्य कार्यक्रम के साथ होगा। सचिव रोशन रजक ने कहा कि संत गाडगे महाराज की जयंती पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान अनूप सोलंकी, गोविंदी रजक, संतोष सोलंकी, गणेश रजक, सूर्यप्रकाश रजक, बृजेंद्र रजक, लोकेश सोलंकी, जगदीश सोलंकी, गौरव रजक, तरुण रजक सहित बड़ी संख्या में रजक समाज के लोग तथा मोतीचूर नदी समिति के सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर स्वच्छता बनाए रखने एवं नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाने एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

## गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 5वां दिन

# शिविर में छात्राओं ने साइबर अपराधों और फ्रॉड के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की कार्यक्रम अधिकारी मृणालिनी मिश्रा के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कई रचनात्मक और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। दिन की शुरुआत स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा सुविचार लेखन से हुई, जिसके माध्यम से सकारात्मक विचारों का प्रसार किया गया। शिविर के दौरान छात्राओं ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसके माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों को वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और फ्रॉड के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने ग्रामीणों को संदेश दिया कि स्मार्टफोन चलाएं, लेकिन स्मार्ट बनकर। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि भूलकर भी अपना ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें। जागरूकता अभियान के साथ-साथ ग्रामीण बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने कुर्सी दौड़, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और चम्मच दौड़ में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए कहा कि, हमारा मन भी इन बच्चों की तरह ही निश्छल और पवित्र होना चाहिए। शिविर के इस पांचवें दिन की गतिविधियों को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मृणालिनी मिश्रा के मार्गदर्शन के साथ शिविर की विशेष सहयोगी डॉ. निशि भदौरिया एवं सहायक विनोद, पूजा और विकास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस ने 5 लीटर जहरीली शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंती



पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये हैं, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस को अवैध शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त हुई है । भौंती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिपारा रोड भुवारा घाट मोड कच्ची रास्ता मौजा तिंधारी के पास एक व्यक्ति जहरीली शराव लेकर कही जाने की नियत से खडा है सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के ग्राम पिपारा रोड भुवारा घाट मोड कच्ची रास्ता मौजा तिंधारी के पास पहुचा तो एक व्यक्ति हाथ में सफेद रंग की प्लास्टिक की कट्टी लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मनोज उर्फ कल्ला लोधी पुत्र मदनलाल लोधी उम्र 23 साल ग्राम बमेरा थाना भौंती जिला शिवपुरी का होना बताया, हाथ में लिये सफेद रंग की प्लास्टिक की कट्टी को कब्जे पुलिस लेकर कट्टी के ढक्कन को खोल कर चेक किया तो 05 लीटर बाली कट्टी पूरी भरी हुई थी जिसमें करीबन 5 लीटर शराब भरी हुई थी, कट्टी में से तीखी झरपदार गंध आ रही थी जिसे सूँघ कर देखा व साक्षियों को सुंघाया एवं एक ढक्कन शराब को जमीन पर डाल कर लाइटर से आग लगा कर चेक किया तो आग जलने लगी उक्त शराब जहरीली शराब (ओपी) का होना पाया गया जो मानव जीवन के लिये हानिकारक थी । उक्त व्यक्ति से उक्त शराब रखने के संबंध में वैध लाइसेंस चाहा गया तो अपने पास कोई लायसेंस न होना बताया आरोपी मनोज उर्फ कल्ला लोधी का यह कृत्य अपराध धारा 49(क) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से सफेद रंग की प्लास्टिक की कट्टी जिसमें करीब 05 लीटर जहरीली (ओपी) शराब कुल कीमती 500 रूपये को विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार कर आरोपी को गिरफ्तारी किया गया बापसी पर अप. क्र. 46/26 धारा 49क आवकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया।

# 12 ज्योतिर्लिंगम यात्रा निकाली, व्यसन-बुराइयां छोड़ने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान शिखर सेवा केंद्र से शुभारंभ किया गया**





ब्रह्माकुमारीज़ की ओर 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में नगर में विशाल 12 ज्योतिर्लिंगम यात्रा निकाली गई। यात्रा खिरिया वार्ड, नृसिंह मंदिर ज्ञान शिखर सेवा केंद्र से शुरू हुई यात्रा सर्वोदय चौराहा, गांधी चौराहा, जागेश्वरी मंदिर, कच्चा रोड से होते हुए गुजरी। इस दौरान रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में शंकरजी, पार्वती की सुंदर झांकी भी सजाई गई। यात्रा के शुभारंभ पर कथावाचक पंडित बृजमोहन शास्त्री ने कहा कि दयालु शिव की आज्ञा से सब कुछ चल रहा है। वही सब कुछ हैं। वही सद्गति दाता हैं। कथावाचक पंडित देव शंकर ने कहा आज संस्कारों को बदलना बहुत मुश्किल है। बच्चे-बड़े सभी अपने संस्कारों के आदी हो गए हैं। शिव का परिवार हमें प्रेरणा देता है कि हमें एक मत होकर चलना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सामाजिक उत्थान के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कथावाचक पंडित हरिराम दुबे ने शिव की महिमा सुनते हुए कहा कि शिव सभी की मनोकामना को पूर्ण करने वाले हैं। पंडित नारायण दुबे, पंडित हरिराम दुबे, पंडित दुष्यंत पुरोहित, पंडित विनोद तिवारी, पंडित राकेश पुरोहित, पंडित प्रेम नारायण ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**संस्थान में दो माह तक मनाया जाता है शिवरात्रि पर्व** समापन समारोह में बीके जानकी दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व को हर वर्ष शिव अवतरण के रूप में बड़े धूमधाम से दो माह तक मनाया जाता। संस्थान की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती देश-विदेश में मनाई जा रही है। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध हैं और गली-गली में शिवालय बने हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आएं हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है, तभी तो हम उन्हें याद करते हैं। परमात्मा का स्वरूप ज्योतिर्बिंदु है।

**परमात्मा की याद से हमारे सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं** खुरई सेवा केंद्र प्रभारी बीके किरण दीदी ने कहा कि हमें व्रत बुराइयों का करना चाहिए। परमात्मा की याद से हमारे सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत बोल- सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है, इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है, सफलता में बाधक है। उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी।

**कथावाचकों का किया सम्मान** यात्रा के समापन पर सभी कथावाचकों का बीके जानकी दीदी, बीके सरस्वती दीदी एवं मधु दीदी ने तिलक पट्टी पहनाकर स्वागत किया। खुरई से पधारीं बीके किरण दीदी सम्मान किया। यात्रा का ब्राह्मण समाज एवं मजदूर संघ के अध्यक्ष सुनील सिरोठिया, संतोष कुशवाहा, पवन गुलाटी, किशन सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने नई बसाहट निवासी कल्लू पुत्र किशनलाल मोगिया के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने राघवेन्द्र कुशवाह ग्राम रमपुरा पिपरिया निवासी के पास से देशी शराब की बोतलें जप्त की हैं। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने ग्राम विजयपुरा निवासी रितिक केवट के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### दो बाइक आपस में भिंडी दोनों बाइक सवार घायल


**अशोकनगर।** ईसागढ अशोकनगर रोड पर ग्राम इमला के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस हादसे में एक बाईक करीब 7 फीट ऊपर बबूल के पेड पर जाकर लटक गईए इस घटना में दोनों बाईक सवार घायल हुए हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि राजतला निवासी मनीष यादव अपनी बाईक से गांव की ओर जा रहा था इसी दौरान गांव से अनंत सिंह बघेल खेत के कच्चे रास्ते से मुख्य मार्ग पर आ रहा थाए तभी दोनों बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में मनीष यादवकी बाईक पेड पर जा लटकी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नशे में वार्ड वॉय ने किया अस्पताल में हंगामा

**अशोकनगर।** शासकीय जिला अस्पताल अशोकनगर के वार्ड वॉय राजकुमार आर्य रविवार की दोपहर में अस्पताल में शराब के नशे में हंगामा करता हुआ देखा गया।

# नपा द्वारा हटाए जा रहे हैं नालियों में पड़ी पाइपलाइन, सतत पानी की टेस्टिंग





**अशोकनगर।** नगर पालिका अशोकनगर द्वारा इंदौर में घटित घटना के उपरांत नीरज मनोरिया अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारीए जलप्रदाय प्रभारी उपयंत्री एवं जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों के साथ विगत दिनों फिल्टर प्लांट टोरिया एवं वार्डो का भ्रमण कर जलप्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान लीकेज एवम जलप्रदाय संबंधी पाइपलाइन नाली से हटाने के निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका द्वारा नाली में पड़े पाइपलाइन को हटाए जाने का कार्य ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा हैं। प्राथमिक तौर पर जहां ज्यादा पाइप नाली में पड़े हैं उन्हें हटाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसके उपरांत शहर की प्रत्येक गली से पाइपलाइन हटाए जाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही पाइपलाइन में लीकेज का निरीक्षण भी किया जा रहा है। मनोरिया द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा नगर पालिका की जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत टोरिया फिल्टर प्लांट एवं पानी की टंकी से जलप्रदाय का निरीक्षण किया गया था एवं सीएमओ को फिल्टर प्लांटए पानी की टंकीए एवं वार्डो में सप्लाई हो रहे पानी का नियमित रूप से सैंपल लेकर टेस्टिंग कराये जाने के निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका द्वारा निर्देश पर फिल्टर प्लांट पानी की टंकी एवं वार्डों में होने वाली सप्लाई का सैंपल लिया जाकर पी एच ई मैं भेजे जा रहे हैंए 150 से अधिक सैंपल टेस्टिंग हेतु भेजे गए हैंए परिणाम मानक अनुसार पीने योग्य पाए गए।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढी ललोई निवासी ऊधम सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोशनए भारत और अमान लोधी ने पुरानी बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी हरनाम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कार्यक्रम में नए सदस्य अजय जैन को शपथ दिलाई गई

# मानव सेवा ही सच्ची सेवा है, सेवा के पथ पर चलते हुए हम पीड़ित मानवता की सेवा करें: वाजपेयी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस क्लब अशोकनगर में डिस्ट्रिक्ट 3233 ई.1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर वाजपेयी अधिकारिक यात्रा पर अशोकनगर पहुंचे। होटल चंदन दी हवेली में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई, जिसके पश्चात ध्वज वंदना सम्पन्न हुई। ध्वज वंदना क्लब के चार्टर्ड सदस्य अमन बंसल द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन ने की।

सभा में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक ठाकुरए जॉन चेयरपर्सन राजकुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि लायन गोपिन्द्र जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड की सदस्यों की भी उपस्थिति रही, जिन्हें गवर्नर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नए सदस्य अजय जैन को विधिवत शपथ दिलाई गई। उनके स्पॉन्सर विकास जैन रिंकू रहे। कोषाध्यक्ष लायन गिरीश गुप्ता ने आय.व्यय का विवरण प्रस्तुत किया तथा संयुक्त सचिव विकास रघुवंशी ने पिछले आठ माह की गतिविधियों की रिपोर्ट दी। अध्यक्ष अभिजीत जैन ने जानकारी दी कि क्लब द्वारा 51ए000 पशु चिकित्सालय हेतुए 71ए000 पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए तथा 35ए000 देवउठनी ग्यारस पर अन्नकूट वितरण सहित कुल 47.48 सेवा प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए।

अपने संबोधन में जॉन चेयरपर्सन राजकुमार सोनी ने कहा कि लायंस क्लब अशोकनगर जिस ऊर्जा और समर्पण से कार्य कर रहे हैंए वैसी उत्कृष्ट गतिविधियाँ पिछले कई वर्षों में देखने को नहीं मिलीं। उन्होंने इसे अपने कार्यकाल के लिए गर्व का विषय बताया। विशिष्ट अतिथि गोपिन्द्र जैन ने भी क्लब द्वारा किए जा रहे उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्ट्स की सराहना की। उन्होंने बताया है कि अभी तक जितने रीजन उनके अंडर में आते हैं उन सब में सबसे ज्यादा गतिविधि करने वाला क्लब अशोकनगर क्लब ही है जो की गतिविधियां ही नहीं बल्कि एक क्वालिटी वाला प्रोजेक्ट भी तैयार करते हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर वाजपेयी ने अपने संबोधन में बताया कि पिछले 8 माह में दो सर्विस वीक आयोजित किए जा चुके हैं तथा आगामी अप्रैल माह में तीसरा सर्विस वीक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट 3233 म1 में यह पहली बार हो रहा है कि एक ही सत्र में तीन सर्विस वीक आयोजित किए जा रहे हैंए जो अत्यंत उल्लेखनीय उपलब्धि है। साथ ही उन्होंने लायंस क्लब इंटरनेशनल की एक महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दीए जिसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण का विशेष प्रकल्प प्रारंभ किया जा रहा है। इस परियोजना की विधिवत रिपोर्टिंग भी की जाएगी। पेस्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अशोक ठाकुर ने लायनवाद पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन लायन अमित रघुवंशी जी एवं संजय रघुवंशी द्वारा किया गया तथा संपूर्ण आयोजन वरिष्ठ सदस्य डॉण राजेश कुमार एवं हरी सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## 6 माह के नमन के दिल का ऑपरेशन

# नन्ही जान को मिला नया जीवन



**अशोकनगर।** आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि अशोकनगर जिले के ग्राम ककरुआ निवासी यशकुमार दांगी के 6 माह के पुत्र नमन दांगी की थमने वाली धड़कनों को आधुनिक चिकित्सा और सरकारी योजना ने फिर से नई रफ्तार दी है। जन्मजात हृदय रोग ;दिल में छेदद्ध से जूझ रहे नमन का मुंबई के प्रसिद्ध अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन आरबीएसके कार्यक्रम के तहत करीब 3 लाख रुपए की सहायता राशि से संभव हो पाया है। नन्हीं सी जान नमन को नई जिंदगी मिलने के बाद परिवार में अब खुशी का माहौल है।

### आरबीएसके बना नमन के लिए सुरक्षा कवच

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ;आरबीएसकेद्ध के मेडिकल ऑफिसर डॉण सौरभ शर्मा ने बताया कि नमन के दिल में छेद की समस्या थीए जिसके कारण उसका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा था। आरबीएसके की टीम ने बच्चे की जांच की और उसे उच्च स्तरीय इलाज के लिए पहले भोपाल और फिर मुंबई के एसआरसीसी नारायण हेल्थ हॉस्पिटल रेफर किया। वहां विशेषज्ञों की टीम ने जटिल सर्जरी कर नमन को नई जिंदगी दी।

### डॉ. सौरभ शर्मा के नेतृत्व में मिली सफलता

डॉण शर्मा के प्रयासों से अब तक जिले के एक दर्जन से अधिक बच्चों के दिल के सफल ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। नमन के पिता यशकुमार ने बताया कि आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण वे काफी परेशान थेए लेकिन इस योजना ने उनके बच्चे को फिर से मुस्कुराने का मौका दिया।

### पूरी तरह स्वस्थ है

हमारा उद्देश्य है कि जिले का कोई भी बच्चा धन के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। नमन अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी धड़कनें सामान्य हैं। इससे पहले भी इस कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के एक दर्जन से अधिक सफल हृदय ऑपरेशन कराए जा चुके हैं।

डॉ. सौरभ शर्म. मेडिकल ऑफिसर आरबीएसके